FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2581280 | 2584280 |
| REGI.: | 2580044 | 2580281 |
| Office : | | |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 1214 /2021

दिनांक : 17/06/2021

## कार्यालय–विज्ञप्ति

कोविड– 19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–2021 में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में प्रोन्नत किये जाने/परीक्षायें आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन(उच्च शिक्षा अनुभाग–3) के पत्र संख्या–1200/सत्तर–3–2021–08(20)/2021, दिनांक 08 जून 2021 एंव तद्क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा जारी पत्रांक–236/रा0उ0शि0प0/53/19, दिनांक 09 जून, 2021 के अनुक्रम में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित निधारित मार्गदर्शी दिशा–निर्देश निम्नवत् हैं :–

### मुख्य परीक्षा सत्र 2020–21 हेतु
### प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष तथा परीक्षार्थियों के लिए अनुदेश

1. स्नातक प्रथम तथा परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा अर्थात द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत किया जायेगा तथा वर्ष 2022 में होने वाली उनकी द्वितीय वर्ष की परीक्षा के आधार पर अन्तर्वेशन से उनके प्रथम वर्ष का परिणाम तथा प्राप्तांक निर्धारित किये जायेंगे।

2. स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष तथा परास्नातक उत्तरार्द्ध/अन्तिम वर्ष एवं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों की परीक्षाऍं दिनांक–16 जुलाई, 2021 से 02 अगस्त, 2021 के मध्य सम्पादित करायी जायेंगी।

3. परीक्षा प्रणाली के सरलीकरण हेतु स्नातक स्तर पर यथासम्भव एक विषय के सभी प्रश्नपत्रों को सम्मिलित करते हुए एकल प्रश्नपत्र की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। परास्नातक स्तर पर अलग–अलग बहुविकल्पीय प्रश्नपत्र निर्धारित हैं। उपरोक्तानुक्रम में समग्र विवरण विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत परीक्षा कार्यक्रम में उपलब्ध है।

4. सत्र नियमन तथा परीक्षार्थियों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए बहुविकल्पीय एवं ओ0एम0आर0 आधारित प्रश्नपत्रों के माध्यम से उक्त समस्त परीक्षाऍं सम्पादित करायी जायेंगी।

क्रमशः पृष्ठ ...2..

FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2581280 | 2584280 |
| REGI.: | 2580044 | 2580281 |
| Office : | | |



# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR



5. उक्त परीक्षाएँ तीन पालियों में सम्पादित होंगी। प्रत्येक पाली की समयावधि 1:30 घण्टे होगी।

6. प्रत्येक प्रश्नपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्रों में से कतिपय क्लिष्ट प्रश्नों को छोड़ने का विकल्प उपलब्ध रहेगा, जिसका अंकन सम्बन्धित प्रश्नपत्र में अंकित होगा।

7. विश्वविद्यालय द्वारा उक्त परीक्षा से सम्बन्धित मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षाएँ आयोजित नहीं करायी जायेंगी और मौखिकी/प्रायोगिक विषयों में उनके मौखिकी/प्रायोगिक अंको का निर्धारण सम्बन्धित विषय के लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के समानुपातिक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित Policy के तहत किया जायेगा।

8. परीक्षा के दौरान कोविड–19 से बचाव के समस्त प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा। एक कमरे में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था इस प्रकार से की जाय कि सोशल डिस्टेन्सिंग का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

9. परीक्षा कक्ष Well-Ventilated हों तथा खिडकियॉ एवं रोशनदान खोलकर परीक्षा सम्पादित करायी जाय।

10. परीक्षा के पहले एवं बाद में सैनेटाइजेशन की व्यवस्था, अनिवार्य फेस मास्क एवं थर्मल स्कैनिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

11. कोरोना संक्रमण के कारण यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो उस दशा में परीक्षार्थी को उस कोर्स/प्रश्नपत्र की विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अवसर दिया जा सकता है, जो विश्वविद्यालय की सुविधानुसार आयोजित की जायेगी, जिससे परीक्षार्थी को किसी प्रकार असुविधा/क्षति न हो।

क्रमशः पृष्ठ ...3...

FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2581280 | 2584280 |
| REGI.: | 2580044 | 2580281 |
| Office : | | |

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR



12. महाविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं के वैक्सीनेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाय।
13. ऐसे परीक्षार्थी जो उपरोक्त व्यवस्था से परीक्षा के घोषित परिणाम से सन्तुष्ट नहीं होंगे, वे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली बैक पेपर परीक्षा में नियमानुसार सम्मिलित होकर अपने प्राप्तांकों में सुधार कर सकते हैं।
14. विश्वविद्यालय द्वारा माह–अगस्त, 2021 तक परीक्षाफल घोषित करने की योजना सुनिश्चित की गयी है, जिससे शैक्षणिक सत्र 2021–22 दिनांक 13 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ किया जा सके।
15. उक्त प्राविधान चालू शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए केवल एक बार लागू होगा।

**टिप्पणी – परीक्षा सम्पादन/प्रकिया से जुड़े कतिपय अन्य निर्देश यथासमय जारी किए जायेंगे।**

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि –**

1– समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय के समस्त स्टाफ/परीक्षार्थियों को तद्नुक्रम में भली–भॉति संसूचित करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
2– समस्त अधिकारीगण।
3– प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट के होम पेज पर अपलोड कराने का कष्ट करे।
4– निजी सचिव–कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
5– वैय0 सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी।
6– सम्बन्धित पत्रावली।

(एस.एल. पाल)
उपकुलसचिव(परीक्षा)